# SELF FINANCE COLLEGE FEDERATION

# स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संघ (पंजीकृत)

Regd. Under The Indian Trust Act 1982 of the Government of India & Govt. of U.P.
Regd. in Niti Ayog (NGO Darpan) Govt. of India
Regd. Office : 36, S.D.M. Court, Opp. Street No. 3, Sikandrabad, Distt. Bulandshahr-203205 (U.P.)


**Ref. No:-**2025/08/SFCF/112 **Date:-** 11-08-2025

सेवा में,

**URGENT**

मानवीय कुलपति जी,

चौधरी चरण सिंह विवि0, मेरठ।

**विषय :– समर्थ पोर्टल पर असमर्थ हुए छात्र और संस्थानों के द्रष्टिगत इस पोर्टल को बदलकर पुरानी व्यवस्था लागू किये जाने और समस्याओ के समाधान करते हुए प्रथम मेरिट की 07 दिन तिथि विस्तारित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदया,

आप जैसा की अवगत होंगी ही की विगत 05 अगस्त 2025 से विवि0 एवं संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत प्रथमं चरण में छात्रों को ऑफर लेटर भेजने और प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। समर्थ पोर्टल की यह प्रक्रिया इतनी जटिल है की छात्र और संस्थान दोनों समस्याओ से जूझ रहे है। प्रवेश पंजीकरण के लिए विवि0 ने 115 रु प्रति छात्र लिए लेकिन मेरिट बनाने से लेकर ऑफर लेटर भेजने तक की जिम्मेदारी कॉलेजो को दे दी आज उसका परिणाम यह है की अधिकांश छात्रों को या तो ऑफर लेटर मिले ही नहीं और जिसको कॉलेजों ने भेज भी दिए वो आज ऑफर लेटर को स्वीकार करने के लिए OTP की राह देख रहे है, इस व्यवस्था में कॉलेज कैसे प्रवेश पूर्ण करेंगे सोचनीय प्रश्न है। पोर्टल की सार्थकता देखिये छात्र ने जिस भी कॉलेजो का चयन पजीकरण में किया उसको लगभग सभी से ऑफर लेटर मिले है अब ऐसे में अगर त्रुटि से छात्र ने उस कॉलेज का चयन कर लिया जिसमे उसको प्रवेश प्रथम रूप में नहीं लेना तो उसके पास बदलने का कोई विकल्प शेष नहीं रह जाता है।

कॉलेजो ने जो प्रवेश पोर्टल पर कन्फर्म किये भी है उनकी सूची डाउनलोड नहीं होती है जिससे कॉलेज यह भी नहीं देख पा रहा है की उसने कितने प्रवेश कर दिए और कोई योग्य छात्र का प्रवेश कन्फर्म होने से छूटा तो नहीं है। प्रवेश कन्फर्म होने में छात्रों के विषय का चयन नहीं हो रहा तो क्या विवि0 इसको बाद में चयन करने का अवसर देगा और अगर बाद में होंगे तो फिर इस तरह के पोर्टल को आधुनिकता के नाम पर कॉलेजो को क्यों थोपा जा रहा है। पोर्टल पर आज स्थिति यह है की छात्र और संस्थान लॉगिन करते है उसके तुरंत बाद पोर्टल की कनेक्टिविटी गायब हो जाती है। छात्र और संस्थान समस्या आने पर केवल एक ई मेल के सहारे है जो की विवि0 ने प्रवेश पोर्टल पर जारी की हुई है क्या उससे सभी निदान संभव है। विवि0 की हेल्प डेस्क ई मेल पर छात्रों को तो दूर की बात संस्थानों को जवाब नहीं मिलता ऐसी में इस व्यवस्था को थोपने का क्या लाभ।

11.8.25

स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संघ SFCF SELF FINANCE COLLEGE FEDERATION

छात्रों को केवल ई मेल पर OTP भेजे जा रहे है जबकि पंजीकरण में मोबाइल नंबर भी दर्ज है ऐसे में छात्रों को OTP मोबाइल पर भी भेजा जाना चाहिए लेकिन नहीं भजने से इसके दुष्परिणाम यह है की ऑफर लेटर छात्र अपने पोर्टल से स्वीकार नहीं कर पा रहे है। फेडरेशन के पास आज (11 अगस्त 2025) को कई कॉलेजो से फ़ोन आये की छात्रों के लॉगिन पर केवल कैंपस ही प्रदर्शित हो रहा है और कॉलेज गायब है जबकि 08 अगस्त 2025 को नाम दिख रहे थे। इस पोर्टल पर मेरिट बनने का जो काम कॉलेजो को दिया गया है आने वाले समय में विवि0 इस समस्या को भी देखेगा की मेरिट की पारदर्शिता पर भी सवाल उठाये जायेंगे।

आपसे फेडरेशन पूर्व से ही इन आशंकाओं को लेकर अवगत कराती रही है लेकिन मनमानी से लागू समर्थ पोर्टल से आज ना तो छात्र ही सहज है और ना ही कॉलेजो को स्पष्ट रूप से ज्ञात है की उनको करना क्या है नतीजा सेल्फ फाइनेंस कॉलेज अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़ रहे है। इस प्रवेश प्रक्रिया से हो सकता है सेल्फ फाइनेंस कॉलेजो के आलावा अन्य को कोई समस्या नहीं हो लेकिन सेल्फ फाइनेंस कॉलेजो को इस समर्थ पोर्टल ने केवल और केवल बंद कराने की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। आज के समय में कोई भी परिवर्तन और बेहतर व्यवस्था के लिए किया जाता है लेकिन समर्थ पोर्टल के लागू होने से व्यवस्था पटरी से उतर गयी है और विवि0 इसको सही होने का जो भी दम्भ भरे लेकिन वास्तविकता में स्थिति यह है की प्रवेश प्रक्रिया इस पोर्टल से सम्भव नहीं है और इसको जबरदस्ती संस्थानों पर डालने से ना तो संस्थानों में प्रवेश होंगे और छात्रों के भविष्य आने वाले समय में दाँव पर लगेगा।

"फेडरेशन" छात्रों और संस्थानों के सामने आ रही समस्याओ के द्रष्टिगत आपसे माँग करती है की आपके स्तर से शासन को समस्याओं से अवगत कराते हुए इस पोर्टल को तत्काल हटाकर पुरानी व्यवस्था के अनुसार प्रवेश सम्पादित कराये जाये और छात्रों तथा संस्थाओ के हितो को देखते हुए समुचित अवसर प्रदान किया जाये।

इस विषय पर आपके व्यक्तिगत ध्यान की अपेक्षा है।

आदर सहित

**प्रतिलिपि :–**

1 –**कुलसचिव,** चौधरी चरण सिंह विवि0, मेरठ।

2 – **प्रवेश समन्वयक,** चौधरी चरण सिंह विवि0, मेरठ।

11.8.25

Nidhi Shukla

(एड0 नितिन यादव) — राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रो0 (डॉ0) निधि शुक्ला — राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष

प्रो0 (डॉ0) आनन्द सिंह — राष्ट्रीय वरिष्ठ महासचिव

(डॉ0 अनिल शर्मा) — राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संघ
SFCF
SELF FINANCE COLLEGE FEDERATION

(डॉ0 शिवपाल सिंह) — वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश

Scanned with OKEN Scanner